# वार्षिक परीक्षा 2021

विषय– हिन्दी

समय : 3 घन्टे | कक्षा–XII | पूर्णांक : 100

खण्ड क

प्रश्न 1: (क) निम्नलिखित प्रश्नो के सही विकल्प छाँटकर लिखिए

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी लेखक है –

(क) भारतेन्दु युग (ख) द्विवेदी युग

(ग) शुक्ल युग (घ) प्रेमचन्द युग

(2) 'हिन्दी प्रदीप' पत्रिका के सम्पादक थे –

(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) सदल मिश्र

(ग) मोहन राकेश (घ) अज्ञेय

(3) 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक है –

(क) सदासुखलाल (ख) लल्लू लाल

(ग) सदल मिश्र (घ) इंशा अल्ला खाँ

(4) 'परीक्षा गुरू' किस गद्य–विधा की रचना है

(क) उपन्यास (ख) नाटक

(ग) निबन्ध (घ) संस्मरण

(5) 'काशी नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना की थी –

(क) श्याम सुन्दरदास (ख) गुलाबराय

(ग) अज्ञेय (घ) रायकृष्णदास

(ख) निम्नलिखित प्रश्नो के सही विकल्प छाँटकर लिखिए

(1) 'विनय पत्रिका' किस काल की रचना है –

(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल

(ग) रीतिकाल (घ) आधुनिककाल

(2) 'पृथ्वीराज रासो' के रचनाकार कौन है

(क) भूषण (ख) केशव

(ग) चन्द बरदाई (घ) दलपति विजय

(3) प्रथम तार सप्तक का प्रकाशन वर्ष है –

(क) 1954 ई. (ख) 1943 ई.

(ग) 1959 ई. (घ) 1951 ई.

(4) 'प्रकृति का सुकुमार कवि' किसे कहा गया है –

(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) पंत

(ग) महादेवी वर्मा (घ) अज्ञेय

(5) 'कामायनी' महाकाव्य में कुल सर्ग है –

(क) बारह (ख) पन्द्रह

(ग) सत्रह (घ) बीस

प्रश्न 2: निम्नलिखित मे से किसी एक गद्यांश को पढ़ कर उन पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए।

(क) <u>जन का प्रवाह अनन्त होता है। सहस्त्रों वर्षो से भूमि के साथ राष्ट्रीय जन ने तादात्म्य प्राप्त</u>

https://www.upboardonline.com

किया है। जब तक सूर्य की रश्मियाँ नित्य प्रातः काल भुवन को अमृत से भर देती है, तब तक राष्ट्रीय जन का जीवन भी अमर है। इतिहास के अनेक उतार–चढ़ाव पार करने के बाद भी राष्ट्र–निवासी जन नई उठती लहरों से आगे बढ़ने के लिए अजर–अमर है। जन का सततवाही जीवन नदी के प्रवाह की तरह है, जिसमे कर्म ओर श्रम के द्वारा उत्थान के अनेक घातों का निर्माण करना होता है।

(1) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(3) इस अवतरण में राष्ट्र के किस तत्व पर प्रकाश डाला गया है ?
(4) '' जन का प्रवाह अनन्त होता है।'' इसका भाव स्पष्ट कीजिए।
(5) राष्ट्रीय जन का जीवन कब तक रहेगा ?

अथवा

(ख) रमणीयता और नित्य नूतनता अन्योन्याश्रित हैं, रमणियता के अभाव में कोई भी चीज मान्य नही होती। नित्य नूतनता किसी भी सर्जक की मौलिक उपलब्धि की प्रामाणिकता सूचित करती है और उसकी अनुपस्थित में कोई भी चीज वस्तुतः जनता व समाज के द्वारा स्वीकार्य नही होती। सड़ी गली मान्याताओ से जकड़ा हुआ समाज जैसे आगे बढ़ नही पाता, वैसे ही पुरानी रीतियों और शैलियों की परम्परागत लीक पर चलने वाली भाषा भी जन चेतना को गति देने में प्रायः असमर्थ ही रह जाती है।

(1) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(3) रमणीयता और नित्य नूतनता किस प्रकार अन्योन्याश्रित है?
(4) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार नित्य नूतनता किसे सूचित करती है?
(5) लेखक के अनुसार भाषा किसका और कैसा माध्यम है?

प्रश्न 3: दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) कोई क्लान्ता कृषक–ललना खेत में जो दिखावे।
धीरे–धीरे परस उसकी क्लान्तियों को मिटाना ।।
जाता कोई जलद यदि हो व्योम में तो उसे ला।
छाया द्वारा सुखित करना, तप्त भूतांगना को ।।

(1) पद्यांश की रचना एवं रचनाकार का नाम लिखिए।
(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(3) राधा किसके वियोग में दुःखी है? अपने दुःख में भी उसे अन्य किसकी चिन्ता है?
(4) किसान के स्त्री के सम्बन्ध में राधा पवन से क्या कहती हैं?
(5) राधा पवन से अपनी शीतलता के द्वारा किसे दूर करने के लिए कहती हैं?

अथवा

(ख) घिर रहे थे घुघराले बाल,
अंश अवलम्बित मुख के पास,
नील घन–शावक–से सुकुमार
सुधा भरने को विधु के पास।
और उस मुखपर वह मुस्क्यान
रक्त किसलय पर ले विश्राम,

अरूण की एक किरण अम्लान
अधिक अलसाई हो अभिराम ।

(1) पद्यांश की रचना एवं रचनाकार का नाम लिखिए।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(3) प्रस्तुत पंक्तियो में किसकी मनोरम छवि का चित्रण किया गया है?

(4) श्रद्धा के मुखड़े पर झूलने वाली बालों की लट कैसी प्रतीत हो रही थी?

(5) इन पंक्तियो में सूर्य की अलसायी–री किरण के सन्दर्भ में क्या कहा गया है?

प्रश्न 4 : निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय, रचनाओ और भाषा–शैली का उल्लेख कीजिए। (अधिकतम 80 शब्द)

(1) वासुदेश शरण अग्रवाल

(2) डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) डा० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम

प्रश्न 5 : निम्नलिखित मे से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय एवं कृतियाँ लिखिए। (अधिकतम 80 शब्द)

(1) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(2) मैथिलीशरण गुप्ता

(3) महादेवी वर्मा

प्रश्न 6: 'पंचलाइट' अथवा 'बहादुर' कहानी का सारांश लिखिए । (अधिकतम 80 शब्द)

प्रश्न 7: 'श्रवण कुमार' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र–चित्रण कीजिए।

अथवा

'श्रवण कुमार' खण्डकाव्य के 'आखेट' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(अधिकतम 80 शब्द)

## खण्ड (ख)

प्रश्न 8: निम्नलिखित में से किसी एक अवतरण का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

(क) याज्ञवल्क्य उवाच – न वा अरे मैत्रेयि। पत्यु कामाय पतिः प्रियो भवति। आत्मानस्तु वै कामाय पतिः प्रियो भवति। न वा अरे, जायायः कामाय जाया प्रिया भवति, आत्मनस्तुवै कामाय जाया प्रिया भवति । न वा अरे, पुत्रस्य वित्तस्य च कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति आत्मनस्तु वै कामाय पुत्रों वित्तं वा प्रियं भवति। न वा अरे, सर्वस्य कामाय सर्व प्रियं भवति आत्ममस्तु वै कामाय सर्व प्रियं भवति । https://www.upboardonline.com

(ख) संस्कृत साहित्यस्य आदिकविः वाल्मीकिः महर्षि व्यासः, कवि कुलगुरूः कालिदासः अन्ये च भास–भारवि–भवमूल्यादयो महा कवयः स्वकीयैः ग्रंथरत्नैः अद्यापि पाठकानां ह्रदि विराजन्ते दूयं भाषा अस्माभिः मातृसमं सम्मानीया वन्दनीया च यतौ भारतमातुः स्वातन्त्रयं गौरवम, अखण्डत्वं सांस्कृतिकमे कत्वञ्च संस्कृतेनैव सुरक्षितुं शक्यन्ते। इयं संस्कृतभाषा सर्वासु भाषासु प्राचीनतमा श्रेष्ठा चास्ति । ततः सुष्ठूक्तम् 'भाषासु मुख्य मधुरा दिव्या गीर्वाणभारती' इति।

प्रश्न 9: निम्नलिखित में से किसी एक श्लोक का संदर्भ सहित हिन्दी में अर्थ लिखिए।

(क) न में रोचते भद्रं वः उलूकस्याभिषेचनम् ।
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति ।।

https://www.upboardonline.com

(ख) सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखमः।
सुधार्थी वा त्यजेद विद्यां विद्यार्थी वात्यजेत सुखम् ।।

प्रश्न 10: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली निबन्ध लिखिए।

(क) कोरोना: एक वैश्विक चुनौती।

(ख) प्रदूषण: समस्या और समाधान

(ग) स्वच्छ भारत अभियान

(घ) विद्यार्थी और अनुशासन

प्रश्न 11 : निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिए।

(क) यमक अलंकार अथवा उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) करूण रस अथवा हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) सोरठा अथवा चौपाई छंद का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 12: केवल 'सामान्य हिन्दी' के विद्यार्थियों के लिए –

(क) निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करो-

(1) ईद का चाँद होना

(2) आम के आम गुठलियों के दाम

(3) गागर में सागर भरना

(ख) निम्नलिखित में से किन्ही दो शब्दो में सन्धि–विच्छेद करो।

(1) नयनम्

(2) स्वागतम्

(3) कलाविद

(ग) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए।

(अ) अंस–अंश

(1) अंकु और हिस्सा (2) कंधा और हिस्सा

(3) हिस्स और अंकुर (4) हिस्सा और कंधा

(ब) अनल–अनिल

(1) वायु और अग्नि (2) पानी और आग

(3) अग्नि और वायु (4) नल और हवा

(घ) निम्नलिखित शब्दो में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए।

(1) अज (2) गुरू (3) घन

(ङ) निम्नलिखित में से किन्ही दो वाक्यों के लिए एक–एक शब्द लिखिए।

(1) जो जाना न जा सके

(2) दोपहर के बाद का समय

(3) उपकार को मानने वाला

(च) निम्नलिखित में से किन्ही दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

(1) विष्णु के अनेकों नाम है।

(2) उसका प्राण निकलने वाला है।

(3) कबूतर पेड़ में बैठा है।

(छ) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और वचन के अनुसार सही चयन कीजिए।

(अ) आत्मानम्

https://www.upboardonline.com

(1) द्वितीया विभक्ति, एकवचन
(2) तृतीय विभक्ति, द्विवचन
(3) सप्तमी विभक्ति, द्विवचन
(ब) नाम्ने
(1) प्रथमा विभक्ति, एकवचन
(2) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन
(3) सप्तमी विभक्ति, द्विवचन

(ख) हिन्दी (प्रवक्ता) पद पर अपनी नियुक्ति हेतु किसी विद्यालय के प्रधानाचार्य के नाम एक आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

किसी बैंक के शाखा प्रवन्धक के नाम एक प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें रोजगार के लिए ऋण लेने का निवेदन किया गया हो।

प्रश्न 13: केवल 'साहित्यिक हिन्दी' के विद्यार्थियो के लिए :—

(क) नयनम् का सन्धि–विच्छेद है
(1) ने + अनम्
(2) नै + अनम्
(4) नु + अनम्
(4) ने + नम्

(ख) हरेऽव का सन्धि–विच्छेद कीजिए
(1) हरिस् + शेते
(2) हिम + आलय
(3) रमा + ईश:
(4) सु + आगतम्

(ग) 'उपकृष्णम्' में समास है
(1) अव्ययीभाव
(2) बहुव्रीहि
(3) कर्मधारय
(4) इनमें से कोई नहीं

(घ) नीलकमलम् का समास विग्रह कीजिए।

(ङ) 'आत्मना' रूप है 'आत्मन' का –
(1) तृतीया एकवचन
(2) पंचमी, द्विवचन
(3) प्रथमा, एकवचन

(च) 'नामन्' का प्रथमा बहुवचन में रूप होता है –
(1) नाम्ना
(2) नाम्नी
(3) नाम्नों
(4) नामानि

(छ) 'पिबत:' रूप है –
(1) लट्लकार प्रथम पुरूष, द्विवचन
(2) लोट्लकार मध्यमपुरूष, एकवचन
(3) लृट्लकार प्रथमपुरूष, बहुवचन

(ज) 'कृ' धातु लट्लकार प्रथम पुरुष के तीनों वचनों में रूप लिखिए।

(झ) 1. 'गत:' शब्द में प्रत्यय है
(अ) तृण्यत्
(ब) अनीयर
(स) क्तवा
(द) क्त

2. 'श्रीमान्' में प्रत्यय है –
(अ) मतुप्
(ब) वतुप्

https://www.upboardonline.com

(स) क्त्वा　　　　　　　　　　(द) अनीयर

(ण) रेखांकित पदों में से किन्ही दो में प्रयुक्त विभक्ति तथा उससे सम्बन्धित नियम का उल्लेख कीजिए।

(1) ग्रामम् अभित: वृक्षा: सन्ति।

(2) राम: पादेन खञ्च: अस्ति।

(3) श्रीगणेशाय नम:।

(4) राम: लक्ष्मणेन साकं गच्छति।

(ट) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

(1) वह घर जाता है।

(2) वह पैर से लंगड़ा है।

(3) नदियों में गंगा श्रेष्ठ है।

(4) गाँव के चारों ओर वृक्ष है।

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.upboardonline.com